# रजिस्ट्रार कार्यालय समाचार

## मई 2025

**नवंबर/दिसंबर** - 2024 **सत्र**

1. इस सत्र के परीक्षा परिणाम लगभग सभी परीक्षा केन्द्रों की ओर भेजे गए है तथा मंडल की वेबसाईट पर भी अपलोड किए गए थे।

**अप्रैल/मई** - 2025 **सत्र**

1. इस सत्र की लिखित परीक्षा दि. 20 अप्रैल 2025 को संपन्न हो गई है।
2. इस सत्र की क्रियात्मक परीक्षाएँ दि. 25 मई 2025 के पूर्व सभी केन्द्रों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। अतः उपरोक्त कालमर्यादा को ध्यान में रखकर केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा कार्य की सम्पूर्ण समय सारिणी निश्चित करे तथा रजिस्ट्रार कार्यालय को सूचित करे। कृपया ध्यान दे की 25 मई 2025 के पश्चात क्रियात्मक परीक्षा लेने की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं दी जायेगी।
3. कृपया ध्यान दे की प्रत्येक परीक्षार्थी की क्रियात्मक परीक्षा अलग-अलग लेना आवश्यक है। तथा विशारद के परीक्षार्थीयों का मंच प्रदर्शन भी अलग से होना अनिवार्य है।
4. सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने केंद्र पर नियुक्त किया हुआ क्रियात्मक परीक्षकों से तुरंत संपर्क करके क्रियात्मक परीक्षा तिथि निश्चित करे।
5. यदि कार्यालय द्वारा नियुक्त हुआ क्रियात्मक परीक्षक केंद्र व्यवस्थापक का रिश्तेदार, मित्र अथवा परिचित व्यक्ति हो तो इसकी सूचना तुरंत रजिस्ट्रार कार्यालय को देना अनिवार्य है।
6. केंद्र व्यवस्थापकों को यह महत्वपूर्ण सूचना दी जाती है कि, शिक्षक / परीक्षार्थियों को परीक्षकों के भ्रमणध्वनी (Mobile Number) न दे।
7. जिन छात्रों को रजिस्टार कार्यालय द्वारा रोल नंबर नहीं दिए गए है, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित न करे तथा अपनी ओर से कोई रोल नंबर प्रदान न करे। अस्वीकृत आवेदन पत्र की सूचना संबंधित परीक्षार्थी या शिक्षक को तुरंत दे। ऐसे परिक्षार्थियों की परीक्षा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगी।
8. परीक्षा से संबंधित सभी बातों पर रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

रजिस्ट्रार
**(अ.भा.गां.म.वि.मंडल, मुंबई)**